## एक नजर में

## कांग्रेस नेता के प्रयास से गांवों को मिली बड़ी राहत, विधायक निधि से पहुंचे पानी के टैंकर




**मोहखेड़।** क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में बढ़ती पेयजल समस्या के बीच पिंडरईखुर्द गांव के रहने वाले क्षेत्रीय कांग्रेस अध्यक्ष पूनाराम चौरिया के प्रयास रंग लाए हैं।सौंसर विजय चौरे की विधायक निधि से पारतलाई,झिरिया, उमारिया में पानी के टैंकर उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। गर्मियों के मौसम में जहां पानी की किल्लत लगातार बढ़ रही थी, वहीं कई गांवों में हैंडपंप और कुएं सूखने की स्थिति में पहुंच गए थे। ऐसे में कांग्रेस नेता द्वारा पहल करते हुए विधायक निधि से टैंकरों की व्यवस्था कराई गई। ग्रामीणों ने बताया कि गांवों मे कोई कार्यक्रम हो या पानी कि समस्या तो उन्हें निजी टैंकरो का सहारा लेना पड़ता था।इस पहल के लिए ग्रामीणों ने कांग्रेस नेता पूनाराम चौरिया और विधायक विजय चौरे का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इसी तरह जनहित के कार्य होते रहेंगे और स्थायी जल व्यवस्था की दिशा में भी कदम उठाए जाएंगे।

## इलाज के लिए सबका भला समाज समिति ने दी सहायता



**बिछुआ।** श्रीमती रानी राउत पति शैलेश राउत , उम्र 30 वर्ष, एससी वर्ग से ग्राम गोनावाड़ी कि निवासी है। कैंसर से पीड़ित है उक्त महिला को सबका समाज सेवा समिति से इलाज हेतु 11000 रुपए नगद राशि दी गई ताकि यह अपना इलाज करवा सके। सबका भला समाज सेवा समिति बिछुआ विगत 5 वर्षो से ऐसे ही समाज की सेवा कर रही है । जरूरतमंदों की सहायता करती है । प्रतिवर्ष रक्तदान व स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगती है। वृक्षारोपण का काम करती है। इसी तारतम्य में आज कैंसर पीड़ित महिला की सहायता की गई। सबका भला समाज सेवा समिति की अध्यक्ष राजेन्द्र करमेले, आजीवन सदस्य बाबूलाल डोंगरे एवं समाजसेवी संजय गांजरे की उपस्थिति में समिति के सभी सदस्यों की सहमति से राशि दी गई।

## मंदिर समिति का महत्वपूर्ण निर्णय, आयोजन हेतु सदस्यों से करें संपर्क

**सारंगबिहरी।** ग्राम सारंगबिहरी के चमत्कारिक हनुमान मंदिर में होने वाले विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों को सुव्यवस्थित बनाने के लिए मंदिर समिति की एक संक्षिप्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मंदिर परिसर में होने वाले किसी भी प्रकार के कार्यक्रम, जैसे पूजा-पाठ, भंडारा या अन्य धार्मिक आयोजन के लिए इच्छुक व्यक्तियों को समिति के निर्धारित सदस्यों से पूर्व में संपर्क करना अनिवार्य होगा। समिति ने स्पष्ट किया कि इस व्यवस्था से आयोजन सुचारू रूप से संपन्न होंगे तथा व्यवस्थाओं में पारदर्शिता बनी रहेगी। साथ ही, मंदिर की साफ-सफाई, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।मंदिर समिति ने सभी ग्रामवासियों से अपील की है कि वे इस नियम का पालन करते हुए किसी भी आयोजन से पहले समिति के सदस्यों से संपर्क अवश्य करें, ताकि सभी कार्यक्रम व्यवस्थित और सफलतापूर्वक संपन्न हो सकें।

## मतदाता सूची 2026 के संबंध में मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण आयोजित




**छिंदवाड़ा।** जिला पंचायत छिंदवाड़ा के सभागार में आज नगरीय निकायों की मतदाता सूची वर्ष 2026 के संदर्भ में जिले में नियुक्त मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन रमेश कुमार मेहरा, मास्टर ट्रेनर्स डॉ. पी.एन. सनेसर एवं धीरेन्द्र दुबे सहित जिले के समस्त जनपद पंचायत एवं नगरीय निकायों से मास्टर ट्रेनर्स उपस्थित थे। प्रशिक्षण के दौरान नगरीय निकाय एवं पंचायत की मतदाता सूची को संदर्भ तिथि 01 जनवरी 2026 की स्थिति में तैयार करने तथा प्राधिकृत कर्मचारियों की सूची के प्रारूप प्रकाशन हेतु निर्धारित प्रारूप श्व-1, श्व-2, श्व-3 एवं श्व-4 की विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर बताया गया कि मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 15 मई 2026 को किया जाएगा तथा 15 मई से 25 मई 2026 दोपहर 3 बजे तक प्राधिकृत कर्मचारियों द्वारा दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निराकरण 5 जून 2026 तक किया जाएगा। प्रशिक्षण में यह भी निर्देश दिए गए कि दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 15 से 25 मई 2026 के दौरान प्राधिकृत अधिकारी नियत स्थानों पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। कार्यक्रम में उपस्थित मास्टर ट्रेनर्स द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समाधान किया गया तथा मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।


## कार्यालय नगर पालिक निगम बुरहानपुर

निविदा सूचना 2026-27

निविदा सूचना क्र / अग्निशमन / 2026-27/02 — बुरहानपुर दिनांक : 11 /05/2026

नगर पालिक निगम बुरहानपुर द्वारा ऑन लाइन पोर्टल https://mptenders.gov.in टेण्डर आमंत्रित किये जाते है। टेण्डर का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार हैः

| क्र. | टेंडर आई.डी.नं. | कार्य का नाम व सीन | कार्य की समयावधि एवं लागत रु. लाख में। | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_505723_1 | Purchasing of 2 Fire Mini Water Tender as per attached estimate | 3 माह 50 लाख | 5000/- 37500/- | 12/06/2026 |

ऑनलाइन क्रय एवं प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि As per key Date, कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। उपरोक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है, तो वेबसाइट पर ही दिखाई देगा ।

आयुक्त
नगर पालिक निगम,बुरहानपुर


प्रदर्शन — विधायक सोहनलाल वाल्मीक के नेतृत्व में धरना, मटके फोड़े और की तालाबंदी

# पानी संकट पर कांग्रेस का हल्ला बोल, नगर पालिका का घेराव कर किया प्रदर्शन




**नवभारत न्यूज**
**परासिया, 11 मई, नगर में गहराते पेयजल संकट को लेकर आखिरकार कांग्रेस सड़क पर उतर आई। विधायक सोहनलाल वाल्मीक के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पेंच स्टाफ क्लब से नगर पालिका कार्यालय तक रैली निकालते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस एवं कांग्रेस पार्षद शामिल रहे।**

नगर पालिका कार्यालय के सामने धरना देते हुए कांग्रेस नेताओं ने परिषद की कार्यप्रणाली और प्रशासनिक अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि बीते कई दिनों से अधिकारी पेयजल व्यवस्था सुधारने के आश्वासन दे रहे हैं, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। नगर के कई क्षेत्रों में लोगों को 10 से 12 दिनों के अंतराल में पानी मिल रहा है, जिससे आमजन परेशान हैं। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका कार्यालय के बाहर मटके फोड़कर विरोध जताया तथा कुछ समय के लिए तालाबंदी भी की। इससे पहले मंगली बाजार क्षेत्र में लोगों ने परासिया-जामई मार्ग पर चक्का जाम कर प्रदर्शन किया, जिसके कारण करीब एक घंटे तक यातायात प्रभावित रहा।

### सप्ताह में एक-दो दिन चांदामेटा से मिलेगा पानी

इधर, जल संकट को देखते हुए गोविन्द बाजोलिया ने विधायक सोहनलाल वाल्मीक और पार्षदों से फोन पर चर्चा कर सहयोग का आश्वासन दिया। एसडीएम कार्यालय में आयोजित बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय, नगर पालिका अधिकारी भरत गजबे, उपयंत्री विनय कुमार शुक्ला, उपयंत्री सोनी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि चांदामेटा से लगे परासिया नगर पालिका के पांच वार्डों को सप्ताह में एक या दो दिन पेयजल उपलब्ध कराया जा सकेगा। इस व्यवस्था का व्यय नगर पालिका डोंगर परासिया द्वारा नगर परिषद चांदामेटा-बुटारिया को दिया जाएगा। गोविन्द बाजोलिया ने बताया कि निकाय की उपलब्धता और सुविधा के अनुसार संबंधित वार्डों में नियमित अंतराल पर पानी उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।

## जंगलों की कटाई से फल-फूल रहा अवैध फर्नीचर कारोबार

### जिम्मेदारों की भूमिका संदिग्ध



**नवभारत न्यूज**
**मोहखेड़, 11 मई, क्षेत्र में इन दिनों अवैध फर्नीचर का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। जानकारी के अनुसार, आसपास के जंगलों में बड़े पैमाने पर हरे-भरे पेड़ों की अवैध कटाई की जा रही है, जिसके बाद लकड़ी को फर्नीचर बनाने में उपयोग कर खुलेआम बेचा जा रहा है। इस पूरे मामले में जिम्मेदार वन विभाग की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।**

स्थानीय सूत्रों का कहना है कि लकड़ी माफिया रात के अंधेरे का फायदा उठाकर जंगलों में पेड़ों की कटाई करते हैं और फिर तैयार फर्नीचर को चौपहिया वाहनों के जरिए अन्य क्षेत्रों में भेज दिया जाता है। रात्रि के समय सड़कों पर संदिग्ध वाहनों की आवाजाही बढ़ने से लोगों में भी आशंका का माहौल बना हुआ है। सबसे बड़ी बात यह है कि क्षेत्र में संचालित फर्नीचर दुकानों का नियमित निरीक्षण नहीं किया जा रहा है। बिना किसी वैध दस्तावेज के लकड़ी से तैयार सामान खुलेआम बेचा जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इससे वन संपदा को भारी नुकसान हो रहा है।ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग और अवैध कारोबारियों के बीच सांठगांठ के चलते यह पूरा खेल बेखौफ तरीके से चल रहा है। यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई, तो आने वाले समय में जंगलों का अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है।

### ग्रामीणों की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध कटाई और फर्नीचर कारोबार पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए, दुकानों का नियमित निरीक्षण किया जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि वन संपदा की रक्षा हो सके।

## उमरेठ नायब तहसीलदार के खिलाफ वकीलों ने खोला मोर्चा



**नवभारत न्यूज**
**परासिया/उमरेठ, 11 मई, उमरेठ तहसील में पदस्थ नायब तहसीलदार के खिलाफ स्थानीय वकीलों ने मोर्चा खोल दिया है। अधिवक्ता संघ परासिया के नेतृत्व में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर नायब तहसीलदार की कार्यशैली पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं।**

ज्ञापन में कहा गया कि उमरेठ तहसील में पदस्थ नायब तहसीलदार आशुतोष रामटेके एवं अन्य पीठासीन अधिकारियों का व्यवहार अधिवक्ताओं के प्रति उचित नहीं है, जिसके कारण आए दिन विवाद की स्थिति बन रही है। अधिवक्ता संघ के अनुसार पिछले कई दिनों से अधिकारियों द्वारा मनमाने तरीके से कार्य करने, अधिवक्ताओं के साथ अनुचित व्यवहार करने तथा रुपए लेकर जमानत पर छोड़ने अथवा जेल भेजने जैसी शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही हैं। संघ के अध्यक्ष द्वारा इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को पूर्व में भी अवगत कराया जा चुका है। अधिवक्ता संघ के सचिव अधिवक्ता अरुण यदुवंशी ने बताया कि 8 मई को वे एक प्रकरण में पैरवी के लिए उमरेठ तहसील पहुंचे थे, जहां पीठासीन अधिकारियों का रवैया अधिवक्ताओं के प्रति अनुकूल नहीं था। आरोप है कि उन्हें जानबूझकर दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक बैठाए रखा गया तथा जमानत आवेदन पर सुनवाई शाम 6 बजे की गई। अधिवक्ताओं ने इसे अधिकारियों की तानाशाही बताते हुए विरोध दर्ज कराया है। अधिवक्ता संघ परासिया ने चेतावनी दी है कि इस रवैये के विरोध में वे 12 मई 2026 से तहसील उमरेठ के अधिवक्ता न्यायालीन कार्यों से विरत रहेंगे।

## राजधानी भोपाल में छिंदवाड़ा जिले के दो वरिष्ठ व प्रखर पत्रकार सामाजिक स्तर पर हुए सम्मानित

### मेहरा समाज मप्र संगठन ने किया सम्मान व इनके अच्छे कार्यों का बखान



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा/जुन्नारदेव, 11 मई, गत दिनों झिलों की नगरी भोपाल में मेहरा समाज म प्र संगठन द्वारा गाँधी भवन पोलिटेक्निक चौराहा भोपाल में आयोजित युवक युवती परिचय सम्मेलन एवं पारिवारिक मिलन समारोह व प्रांतीय व जिला पदाधिकारी पुनर्गठन का आयोजन किया गया।**

जिसमें छिंदवाड़ा सिवनी जबलपुर मण्डला नरसिंहपुर इंदौर बैतूल नर्मदापुरम भोपाल सिहोर रायसेन एवं अन्य स्थानों से सैकड़ो स्वजातीय जन उपस्थित हुए जहाँ प्रत्येक समाज जन का मेहरा समाज म प्र संगठन ने हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन किया। इस अवसर पर छिंदवाड़ा जिला मेहरा डेहरिया समाज की दो महानविभूति संजय डेहरिया (जुन्नारदेव) ललित डेहरिया (चौरई ) उपाध्यक्ष एवं पत्रकारिता जगत के प्रखर पिरोधा और वरिष्ठ पत्रकार को मेहरा-प्रदेश-समिति भोपाल द्वारा दोनों को मोमेंटो और गुलदस्ते से सम्मानित किया गया। श्री डेहरिया द्वय ने अपनी पैनी लेखनी और निस्वार्थ सेवा भाव से न केवल पत्रकारिता को नई ऊंचाइयां दी हैं बल्कि समाज के सामने एक अनुकरणीय उदाहरण भी प्रस्तुत किया है समाज ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनकी लेखनी इसी प्रकार अन्याय के विरुद्ध गर्जना करती रहे और समाज को एक नई दिशा दिखाती रहे ऐसी कामना की इस अवसर पर मुख्य अभियंता संजय डेहरिया प्रदेश अध्यक्ष ब्रजेश वट जीवन डेहरिया डी.सी डेहरिया जोगेश्वर सुरजे एसडीओ गोपाल डेहरिया आदि लोग उपस्थित थे।

## विधायक कमलेश शाह के प्रयासों से करोड़ों की लागत से नवीन स्कूल भवन स्वीकृत



**बटकाखापा।** अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विद्यार्थियों और ग्रामीण जनता के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। वर्षो से जर्जर भवनों और पर्याप्त सुविधाओं के अभाव में संचालित हो रहे स्कूलों को अब नए भवनों की सौगात मिलने जा रही है। अमरवाड़ा विधायक कमलेश प्रताप शाह के लगातार प्रयासों और पहल के बाद क्षेत्र के चार शासकीय विद्यालयों के नवीन भवनों को स्वीकृति मिल गई है। बताया जा रहा है कि विधायक कमलेश प्रताप शाह ने स्कूल भवनों की मांग को लेकर मंत्री कुंवर विजय शाह को पत्र लिखकर क्षेत्र की आवश्यकता से अवगत कराया था। इसके बाद शासन स्तर पर प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

### वोकेशनल विषय की परीक्षा अब 18 मई को होगी आयोजित

**छिंदवाड़ा।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा के प्राचार्य ने जानकारी दी है कि महाविद्यालय में 11 मई 2026 सोमवार को द्वितीय पाली में दोपहर 02 बजे से 05 बजे तक आयोजित होने वाली वोकेशनल विषय की परीक्षा सी.ए. परीक्षा के कारण स्थगित कर दी गई है ।महाविद्यालय प्राचार्य के अनुसार उक्त परीक्षा अब संशोधित समय-सारणी के तहत 18 मई 2026 सोमवार को आयोजित की जाएगी। अन्य सभी परीक्षाएं पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार यथावत संपन्न होंगी।

## जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास मण्डल की बैठक 19 मई को

**छिंदवाड़ा।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास मण्डल हरेंद्र नारायन की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय छिंदवाड़ा के सभाकक्ष में जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास मण्डल की बैठक 19 मई 2026 को शाम 4 बजे आयोजित की गई है। प्रभारी खनि अधिकारी एवं सदस्य जिला खनिज प्रतिष्ठान छिंदवाड़ा ने इस बैठक में जिले के सांसद, विधायक छिंदवाड़ा, परासिया, जुन्नारदेव, अमरवाड़ा व चौरई, जिला पंचायत अध्यक्ष छिंदवाड़ा, नगर निगम महापौर, नगरपालिका परिषद अध्यक्ष अमरवाड़ा, चौरई, दमुआ, डोंगर परासिया व जामई और नगर परिषद अध्यक्ष बड़कुही, बिछुआ, चांद, न्यूटनचिखली, हर्रई व चांदामेटा बुटरिया से बैठक में उपस्थिति का अनुरोध किया है ।

## पीएचई ठेकेदार की मनमानी, मनमर्जी मुताबिक किया जा रहा नल-जल का काम, नहीं लगाया सूचना फलक बोर्ड

### क्षेत्र में निर्माण कार्यों की पारदर्शिता पर उठे सवाल



**नवभारत न्यूज**
**मोहखेड़, 11 मई, ग्राम पंचायत सारंगबिहरी में चल रहे नल-जल योजना के कार्यो को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। आरोप है कि पीएचई विभाग के ठेकेदार द्वारा मनमर्जी तरीके से कार्य किया जा रहा है, जबकि शासन के निर्देशों के अनुसार निर्माण स्थल पर सूचना फलक (डिस्प्ले बोर्ड) लगाना अनिवार्य होता है, जो यहां नदारद है।**

ग्रामीणों का कहना है कि बिना किसी जानकारी के पाइपलाइन बिछाने और अन्य कार्य किए जा रहे हैं। न तो कार्य की लागत, न अवधि और न ही संबंधित ठेकेदार की जानकारी सार्वजनिक की गई है, जिससे पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने यह भी आरोप लगाए हैं कि ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता की अनदेखी करते हुए जल्दबाजी में काम निपटाया जा रहा है। कई स्थानों पर अधूरे कार्य और खराब निर्माण सामग्री के उपयोग की शिकायतें सामने आई हैं, जिससे भविष्य में योजना के विफल होने का खतरा बना हुआ है।सबसे गंभीर आरोप यह है कि इस पूरे मामले में पीएचई विभाग की भूमिका संदिग्ध नजर आ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि कमीशनखोरी के चलते विभाग ठेकेदार पर मेहरबान बना हुआ है और अनियमितताओं पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, संबंधित ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई की जाए और कार्यस्थल पर सूचना फलक लगाकर योजना की पूरी जानकारी सार्वजनिक की जाए, ताकि आमजन को भी योजना की वास्तविक स्थिति का पता चल सके।यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, तो नल-जल योजना का उद्देश्य अधूरा रह सकता है और ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल की सुविधा मिलने में बाधा उत्पन्न हो सकती है।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग क्रमांक-1 छिन्दवाड़ा

email-eereschhindwara@mp.gov.in

क्रमांक/129 / निविदा/ग्रायासे / 2026 — छिन्दवाड़ा दिनांक 08/05/2026

**संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 01/2026-27**

म0प्र0 के राज्यपाल की ओर से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग क्रमांक 01 छिन्दवाड़ा के अंतर्गत निम्नांकित निर्माण कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत सिविल श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से सिविल निर्माण कार्य हेतु ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग की दिनांक 11.04.2022 से प्रभावशील दर अनुसूची (निविदा विज्ञप्ति जारी होने की दिनांक तक संशोधित) एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से विद्युत / यांत्रिकी निर्माण कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग की दिनांक 01.01.2024 से प्रभावशील दर अनुसूची (निविदा विज्ञप्ति जारी होने की दिनांक तक संशोधित) प्रतिशत दर पर तालिका के कॉलम कमांक 5 में अंकित पीएसी अनुसार 02 लिफाफा पद्धति में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा निविदा प्रपत्र एपेडिक्स 2.10 में निर्धारित तिथि (Key Date) अनुसार ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है आमंत्रित निविदा शासन के पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा संशोधन से संबंधित जानकारियां आनलाईन देखी जा सकती है। पृथक से प्रकाशित नही की जाएगी। विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्रं | सिस्टम टेंडर नंबर | कार्य का नाम | विकास खंड | निविदा लागत पीएसी (लाखों में) | अमानत राशि (रूपए में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि (वर्षाकाल सहित) | आमंत्रण क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2026_RES_506299 | शासकीय हाई स्कूल भवन निर्माण कार्य अहरवाडा में बिजली फिटिंग कार्य ग्राम अहरवाड़ा | हर्रई | 9.20 | 18400.00 | 2000.00 | 2 माह | प्रथम |
| 2 | 2026_RES_506301 | संत रविदास म.प्र. हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम मर्यादित सौंसर में मरम्मत कार्य ब्लाक सौंसर | सौंसर | 3.08 | 6160.00 | 2000.00 | 1 माह | प्रथम |

निविदा संबंधित तिथियाँः- (Key Dates)
1- Document Download/Sale Start Date — 15.05.2026 (11:00 AM)
2- Technical Bid Submission Start Date — 15.05.2026 (11:00 AM)
3- Technical Bid Submission End Date — 23.05.2026 (06:00 PM)
4- Bid Openning Date — 25.05.2026 (11:00 AM)

G-12668/26

कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग क्र0-1 छिन्दवाड़ा



## कार्यालय नगर पालिका परिषद डोंगर परासिया जिला छिंदवाड़ा

Telephone: 07161.230508; E-mail: cmodongarparasiya@mpurban.gov.in

क्रमांक-140/NP/ 2026 — **// ई-निविदा आमंत्रण सूचना//** — डोंगर परासिया, दिनांक-11-05-2026

नगर पालिका परिषद, डोंगर परासिया में पंजीकृत ठेकेदारों/सप्लायरों से नगर परिषद डोंगर परासिया द्वारा ग्रीष्म ऋतु में आवश्यकतानुसार पेयजल परिवहन हेतु item Rate दर पर प्रति टेंकर (क्षमता 4500 लीटर) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2026 _UAD_ 506503_1 दि.11-05-2026 | आवश्यकता अनुसार जल परिवहन कार्य हेतु (ट्रेक्टर, टेंकर, डीजल, पानी, ड्रायवर सहित) वार्ड क्र. 21 में जी.एम. ऑफिस टंकी के पास सम्प में एवं वार्ड क्रं. 20 मंगली बाजार सम्प में पेयजल परिवहन कार्य हेतु (प्रति टेंकर की 4500 लीटर की दर) | 1 दिन 20,00,000/- | 5,000/- 40,000/- | 18-05-2026 |

**नोटः-** निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

विनोद मालवीया
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद डोंगर परासिया

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद डोंगर परासिया